<u>रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट</u>

LBSNAA

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

संजीव चोपड़ा, भा.प्र.से.

निदेशक

सं.ई-11011ए/2/2019-रा.भा.

दिनांक : 28 फरवरी, 2020

महोदया/महोदय,

आपको यह सूचित करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि **लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में दिनांक 30 मार्च, 2020 को एक दिवसीय राजभाषा संगोष्ठी** का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी के दौरान केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में और अधिक गति लाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार की ओर से, कार्यालयों के लिए उपयोगी, विभिन्न विषयों में उपलब्ध शब्दकोषों, शब्दावलियों आदि की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। संगोष्ठी में व्याख्यान के विषय, इस संबंध में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, नामांकण प्रपत्र का प्रारूप तथा अन्य विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय में राजभाषा का काम देख रहे एक अधिकारी/कर्मचारी को इस संगोष्ठी में नामित करें तथा उनके नामांकन संपूर्ण विवरण सहित इस अकादमी को दिनांक 18 मार्च, 2020 तक प्रेषित करें।

संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आपका सहयोग अपेक्षित है।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

(संजीव चोपड़ा)

संलग्न : यथोक्त

सेवा में,

न.रा.का.स. के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (भारत सरकार) मसूरी - 248179
Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration (Govt. of India) Mussoorie – 248179.
EPABX Phone: (0135) – 222-2000 | FAX : (0135) – 2632350 & 2632720
http://www.lbsnaa.gov.in

अनुलग्नक

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में दिनांक 30 मार्च, 2020 को राजभाषा संगोष्ठी के आयोजन संबंधी विवरण

व्याख्यान के विषय :

1. पहला सत्र : प्रशासनिक शब्दावली का सरलीकरण
2. दूसरा सत्र : अनुवाद की चुनौतियां
3. तीसरा सत्र : हिंदी में ई-टूल्स की उपलब्धता एवं प्रयोग
4. चौथा सत्र : राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारंभ	:	रजिस्ट्रेशन
10:45 बजे	:	उद्घाटन
11:15 बजे	:	जलपान
11:30 बजे से 12:15 बजे तक	:	प्रथम सत्र (30 मिनट व्याख्यान और 15 मिनट प्रश्नोत्तर)
12:25 बजे से 01:10 बजे तक	:	दूसरा सत्र (30 मिनट व्याख्यान और 15 मिनट प्रश्नोत्तर)
1:15 बजे	:	लंच
02:15 बजे से 3:00 बजे तक	:	तीसरा सत्र (30 मिनट व्याख्यान और 15 मिनट प्रश्नोत्तर)
03:10 बजे से 03:55 बजे तक	:	चौथा सत्र (30 मिनट व्याख्यान और 15 मिनट प्रश्नोत्तर)
03:55 बजे से 4:30 बजे तक	:	समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण
04:30 बजे	:	जलपान

.....2 जारी....

परिवहन व्यवस्था

संगोष्ठी में भाग लेने के लिए अकादमी में आने वाले प्रतिभागी स्वयं की व्यवस्था से अथवा सरकारी वाहन से अकादमी आ सकते हैं जिसके लिए वे अपने कार्यालय से यात्रा भत्ते आदि का दावा कर सकते हैं। इस संबंध में इस अकादमी द्वारा कोई प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी। इसके विकल्प के तौर पर अकादमी द्वारा प्रतिभागियों को देहरादून से अकादमी लाने तथा वापस पहुंचाने के लिए अकादमी द्वारा सामूहिक रूप से वाहन की व्यवस्था की जा सकती है जिसका निर्णय नामांकन प्राप्त होने के बाद नामित प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा तथा एक निर्धारित स्थान (starting point) तय किया जाएगा। इस संबंध में बसों आदि के चलने के स्थान अर्थात starting point के बारे में प्रतिभागियों को समय रहते सूचित कर दिया जाएगा।

संपर्क

अधिकारियों के नामांकन की पुष्टि rajbhasa.lbsnaa@nic.in अथवा kapoor.r@nic.in पर प्रेषित की जा सकती है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष सं. 0135-2222312 एवं 0135-2222372 अथवा मो. नं. 9968292887 एवं 7060438065 पर संपर्क किया जा सकता है।

नामांकन प्रपत्र का प्रारूप

1) कार्यालय का नाम :

2) नामित अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम :

3) कार्यालय का पूरा पता :

4) टेलीफोन नं. :

5) मोबाईल नं. :

6) फैक्स नं. :

7) ई-मेल :

नामित करने वाले सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मोहर